चुनाव विशेषांक 2022-23

प्रवाह

हिंदी प्रेस क्लब

सत्र-1, अंक-2

हिन्दी प्रेस क्लब

संपादकीय

नमस्कार! आशा है कि आप सब ठीक होंगे और एक अंतराल के बाद कॉलेज वापस आकर उत्साहित महसूस कर रहे होंगे। आजकल कहाँ पर सरकार कब गिर जाए इसका तो शायद ही कोई अनुमान लगा सकता है। देश में तो हम कोरोना काल के समय से ही देख रहे थे किन्तु बिट्स के छात्र संघ में भी "ऑपरेशन लोटस" हो जाना एक विचित्र दृश्य था। इस बार इसके पीछे चाणक्य की भूमिका निभा रहा था था बिट्स पिलानी का चुनाव आयोग। अब इससे किसका फायदा हुआ और किसका नुक्सान ये तो विचार योग्य बात है परन्तु शायद हम ये सीख ले सकते है कि निर्वाचन के बाद यदि आप छात्रहित के लिए आवाज़ नहीं उठाएंगे तो परिणाम आपके लिए हर्षमय नहीं होगा।

इस बात से हटकर अब बात करते है इन प्रतिनिधियों को चुनने की प्रक्रिया के बारे में। चुनाव शब्द आता है संस्कृत के शब्दकोष से जिसका सरल सा अर्थ है सीमित उम्मीदवारों में से एक प्रतिनिधि चुनना। वैसे तो यह एक छोटा सा शब्द है परन्तु इसके मायने बहुत बड़े है। जब चुनाव आस पास हो तब रातों-रात पुराने शत्रु मित्र बन जाते है और वर्षों से चली आ रही राजनीतिक विचारधारा को बदल दिया जाता है। चुनावी मौसम अपने साथ लाता है तेज़ हवाओं की एक आंधी जिसके साथ आतें है वादे, दावे, आरोप, प्रत्यारोप, उत्साह अवं निराशा। इस समय जनता का प्रयास होता है की इस चुनावी बरसात की चंद बूंदों का आनंद वो अगले चुनाव अभियान से पहले ले सके। मेरा इरादा किसी व्यक्ति विशेष पर टिप्पणी करना नहीं है परन्तु हमें यह समझना होगा कि क्या आज के समय में चुनाव अपना उद्देश्य पूर्ण कर भी पा रहे है या नहीं। हर कोई राजनैतिक मापदंडों को नहीं समझ सकता और यह एक स्वाभाविक सी बात है इसलिए जिन्हें इसकी समझ है उन्हें अपने विवेक का उपयोग करके अपने दायित्व की पूर्ती करनी चाहिए।

बिट्स में इस समय छात्र संघ के विभिन्न पदों के लिए चुनाव होने वाले है। पिछली बार से भिन्न इस बार GBM के सदस्यों के पास चुनाव में हर पद के लिए एक से ज़्यादा विकल्प है तथा इस बार के चुनाव ऑफ़लाइन मोड में आयोजित होने जा रहे है। 2020 के नेताओं की उम्मीदें उफान पे है और अभी वो हर एक छात्र से संपर्क साधने के प्रयासों में लगे हुए है। ऑफलाइन चुनाव में आयोग का किरदार और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। इसकी एक झलक हम सभी ने हाल ही में कुछ उम्मीदवारों के खिलाफ हुई कार्यवाई में देखी है। कोरोना के दौर से निकले दोनों बैच 2020 और 2021 के बीच कई जगहों पर सीधा सामना भी देखा जा सकता है। चुनावों से पहले बिट्स के संविधान में भी कई परिवर्तन किये गए है जो आवश्यक थे।

सभी उम्मीदवारों ने अपने घोषणापत्र को वादों से सजाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। अब इनमे से कितने वादे पूरे होंगे और कितने आने वाले चुनावों में भी मुद्दा होंगे वो तो समय ही बताएगा। एक बात विचारयोग्य है कि एक उम्मीदवार ऐसा भी है जो बिना किसी प्रचार-प्रसार के भी बाकी उम्मीदवारों की चिंता का कारण बना हुआ है। इनको हम NOTA नाम से जानते है। हर उम्मीदवार इस समय अपनी जीत का दावा प्रस्तुत कर रहा है परन्तु उनको अंदर ही अंदर हारने का डर अवश्य सता रहा होगा। उसके ऊपर से यदि हार NOTA से हो जाए तो फिर कैसे बीतेंगे कॉलेज जीवन के बचे हुए दिन। यह देखने योग्य होगा कि जीतने के बाद प्रत्याशी किसे अपनी जीत का श्रेय देंगे तथा हारने वाले किसके सर पर हार का ठीकरा फोड़ेंगे।

कई छात्र इस बार पहली बार इन चुनावों में अपना मत देंगे। इसके लिए ज़रूरी है कि महज़ मित्रता या जान पहचान के आधार पर वोट ना करें। उम्मीदवारों के द्वारा मुद्दों से भटकाए जाने पर ध्यान ना दे नहीं तो आप भी अपनी पिछली पीढ़ियों के सामान ही चुनाव में विजय प्राप्त करने के बाद प्रत्याशियों के रफू चक्कर हो जाने से परेशान रहेंगे। उनके घोषणापत्र को भी पढ़िए और फिर अपनी पसंद के उम्मीदवार को चुनिए। पिछले छात्र संघ के खिलाफ हुई कार्यवाई से सीख लेते हुए अवं इस आशा के साथ कि नवनिर्वाचित छात्र संघ पदाधिकारी GBM की मांगों को पूरा करने के लिए कार्य करेंगे हम उम्मीद करते है कि सभी प्रतिनिधि बिट्स पिलानी का नाम और आगे ले जाने के लिए कार्यरत रहेंगे। हिंदी प्रेस क्लब के इस विशेष छात्रसंघ चुनाव संस्करण में आप अंदर पाएंगे चुनाव आयोग, अध्यक्ष अवं महासचिव पदों के उम्मीदवारों का विस्तृत साक्षात्कार जिसमे उन्होंने GBM तक अपना सन्देश देने का प्रयास किया है। इसके साथ आप पाएंगे हॉस्टल परीतिनिधिों का संक्षिप्त साक्षात्कार और इस बार क्या है ख़ास।

आशा है की नवीनता के जुड़े चुनाव का परिणाम सबके लिए अनुकूल रहे और वह उम्मीदवार जीते जो योग्य हो। जाते जाते सभी उम्मीदवारों से बस यही अपील करूँगा को इस चुनाव के कारण किसी से भी मतभेद ना रखे और जीत या हार जो भी हो उसे सहर्ष स्वीकार करें।

अनुक्रमणिका

इनफॉरमेशन सेमिनार	3
इस बार क्या है ख़ास	4
चुनाव आयोग का साक्षात्कार	5
कमल चौहान से साक्षात्कार	7
विनायक एस. से साक्षात्कार	8
नमन जलान से साक्षात्कार	9
यश शारदा से साक्षात्कार	11
यशवर्धन किस्वनी से साक्षात्कार	12
आशीर्वाद करांडे से साक्षात्कार	14
H-Rep से साक्षात्कार	16

इनफॉरमेशन सेमिनार: चुनाव प्रक्रिया का संक्षिप्त परिचय

बिट्स पिलानी के चुनाव आयोग ने चुनावी सप्ताह का उद्घाटन करने हेतु, व GBM को सभी चुनावी उम्मीदवारों से अवगत कराने हेतु, 11 सितंबर 2022 को इनफॉरमेशन सेमिनार का आयोजन किया। यह सम्मेलन सुबह 10:30 बजे NAB औडीटोरिअम में किया गया।

सेमिनार की शुरुआत अस्सोसिएट डीन, नवीन सिंह और चीफ़ वार्डन राजेश प्रसाद मिश्रा के शब्दों से हुई। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को चुनाव व प्रचार के दौरान कैंपस में शांति और सामंजस्य बनाये रखने व पूर्ण शिष्टाचार के साथ, नियमों का पालन करते हुए, सत्यनिष्ठा से चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समझाया कि चुनाव के विजेता को एक पूरे वर्ष के लिए GBM का सामना करना है, और उनके प्रतिनिधि की भूमिका निभानी है, इसलिय वे चुनाव के दौरान ऐसा कोई कदम न उठायें जिससे GBM को अप्रसन्नता हो। नवीन सर व राजेश सर ने उम्मीदवारों को शुभकामनाएँ दी, और कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

इसके पश्चात चुनाव आयोग ने सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समयरेखा से सभी को अवगत कराया और GBM को सूचना दी गई कि मतदान 18 सितंबर 2022 को किया जायेगा। उसके उपरांत, हॉस्टल प्रतिनिधि के पद के लिए खड़े हुए सभी विद्यार्थियों से GBM को परिचित कराया गया।

सेमिनार के मुख्य उद्देश्य पर आते हुए, महासचिव पद के उम्मीदवार, कमल चौहान, नमन जलान, विनायक एस. और यश सारदा को मंच पर आमंत्रित किया गया। इन सभी ने GBM के समक्ष अपना घोषणापत्र और SOP प्रस्तुत किया, और फिर इन सभी को एक-दुसरे से सवाल जवाब करने का मौका दिया गया। उम्मीदवारों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों के घोषणापत्र में कमियां निकली और उनसे संबंधित कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे। सेमिनार के इस भाग का अंत करते हुए GBM के सदस्यों को भी उम्मीदवारों से सवाल करने का मौका दिया गया। उपरोक्त प्रक्रिया को अध्यक्ष पद के उम्मीदवार, आशीर्वाद करांडे और यशवर्धन प्रकाश किस्वनी के साथ दोहराया गया।

इसी के साथ, चुनाव आयोग की पूर्ण चेष्टा से आयोजित, यह इनफॉरमेशन सेमिनार सफलतापूर्वक समाप्त हुआ।

इस बार क्या है ख़ास

हर वर्ष बिट्सियंस कई गतिविधियों में भाग लेकर अपने महाविद्यालय के अनुभव को संपन्न करतें हैं , इन सभी में से एक आयोजन चुनाव प्रक्रिया होती है। उत्साह, हर्ष, मायूसी, घबराहट और जोश अगर एक हाथ की पाँच उँगलियाँ होती हो, वह हस्त चुनाव कहलाता। जैसे कोई दो दिन एक समान नहीं होते वैसे ही यह असामान्य प्रक्रिया हर वर्ष अपने साथ एक नया रंग-रूप लाती है। सर्वप्रथम बात इस चुनाव प्रक्रिया को कराने के माध्यम में है। भले ही वर्त्तमान में यह एक तुच्छ तर्क लगे परंतु हम कैसे भूल सकते हैं की चुनाव ऑफलाइन माध्यम में एक वर्ष के ऑनलाइन सफ़र को पूरा करके लौट रहा है। इस एक बदलाव के कारन छात्र आमने-सामने होने वाले प्रचार, वाद-विवाद और अन्य चुनाव के तत्वों में भाग लेकर इस प्रक्रिया को और रोमांचक बना सकते हैं। इस तर्क के कारन उम्मीदवार कैम्पस पर होने वाली समस्याओं का अच्छे से विश्लेषण कर साध्य सुझाव एवं परिवर्तन कर सकते हैं।

उम्मीदवारों से याद आया कि इस बार के अध्यक्ष और महासचिव के पद को प्राप्त करने हेतु उम्मीदवारों को केवल NOTA ही नहीं परंतु वास्तविक प्रतियोगियों का सामना करना होगा। महासचिव के पद के लिए 4 और अध्यक्ष के पद के लिए 2 उम्मीदवार इस वर्ष खड़े हो रहें हैं। इस परिवर्तन का चुनाव पर क्या असर होगा वो तो वक्त ही बताएगा, परंतु यह तो स्पष्ट है कि मतदाताओं के पास तुलना करने हेतु 4 शब्दों के बजाए नए चेहरे होंगे।

जब एक पद के लिए चार उम्मीदवार और हर एक के तीस-तीस प्रचारक हों तो फैसला करना कठिन हो सकता है। इस जटिल प्रक्रिया को थोड़ा सरल बनाने हेतु चुनाव आयोग ने एक जानकारी सत्र करवाया था जिसमें हर उम्मीदवार का घोषणापत्र उम्मेदवार द्वारा पेश किया गया था। यह मामूली सा दिखने वाला पत्र उन कई वादों का स्थान है जिनके दम पर चुनाव हारे और जीते जाते हैं | कैंपस के कुछ ऐसे मुद्दे थे जिनको अनेक घोषणापत्रों में स्थान मिला और कुछ अनूठे मुद्दे थे जो आज शायद पहली बार प्रकाशित हुए किसी ने पौष्टिक आहार का मुद्दा उठाया तो किसी ने कैंपस पर उपलब्ध भोजन के स्थानों का अंत-समय बढ़ाने की घोषणा की | किसी ने साइकिल क्लब के आविष्कार की बात की तो किसी ने अवैध पदार्थों के मुद्दे को प्रकाशित किया |

यह गंभीर मुद्दे सुनने के बाद जब भवन लौटे तो याद आया की इस चुनाव में भवन और दिवा छात्रों(Day-scholar) के प्रतिनिधि भी हमें इस शैक्षिक वर्ष के लिए मिलेंगे | प्रत्येक भवन के मुद्दों को सुलझाने हेतु वे छात्रों के संपर्क में रहेंगे | दिलचस्प और अनूठी बात तो यह है कि इस बार कृष्ण, वी.के. और गाँधी भवन के प्रतिनिधियों का चुनाव प्रथम वर्ष के छात्रों के बिना ही करवाया जा रहा है|यह तो अब समय ही बताएगा की इस फैसले का भवन की गतिविधियों पर कैसा प्रभाव होगा |

इन जानकारियों के साथ हम सब एक महा चुनाव प्रक्रिया की ओर बढ़ रहे हैं जिससे छात्र संघ के नेतृत्व का फैसला होगा | इन नई गतिविधियों के जोश को केवल एक प्रश्न सताता है कि क्यों इस वर्ष भी अध्यक्ष ओर महासचिव के पद के लिए कोई मीरा भवन की निवासी चित्र में नहीं है ?

चुनाव आयोग का साक्षात्कार

प्रश्न 1: कैम्पस पे E.C. की क्या भूमिका हैं और एक सफल चुनाव प्रक्रिया को आयोजित करवाने में किन चीज़ों की आवश्यकता होती है ?

उत्तर: चुनाव आयोग की भूमिका एक निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया करवाने की है जहाँ हर उम्मीदवार को बराबर मौका मिले ओर किसी को भी अनुचित लाभ न प्राप्त हो। यह सुनिश्चित करने हेतु हमारे पास दिशा निर्देश हैं जिनका पालन करने की सभी उम्मीदवारों से अपेक्षा है ओर यदि कोई इनका उल्लंघन करे तो हमारा काम उन्हें दंडित कर सभी को एक समान स्तर पर लाना हैं। एक सफल चुनाव करवाना हमारा ओर उम्मीदवारों दोनों की ज़िम्मेदारी हैं। दिशा निर्देशों का पालन करने से सभी का काम आसान होता है ओर सबसे योग्य उम्मीदवार चुना जाता है।

प्रश्न 2: पिछले वर्ष के मुकाबले हम इस वर्ष ऑनलाइन की जगह एक वास्तविक चुनाव प्रक्रिया अनुभव करने जा रहे हैं, इस कारन आपको किन चुनौतियों का सामना करना होगा और परिस्थिति फिर सामान्य होने से आपकी क्या अपेक्षाएं हैं ?

उत्तर: यह पहली बार नहीं है कि चुनाव आयोग एक ऑफलाइन चुनाव करवा रहा हैं। हमारे साथ कॉलेज प्रशासन का पूरा सहयोग है ओर हम चुनाव आयोग के पूर्व सदस्यों के संपर्क में हैं। इसके अलावा यह पहली बार बिट्स के इतिहास में हो रहा है कि चुनाव हाइब्रिड तरीके से हो रहे हैं जिसमें आपको दोनों ऑनलाइन ओर ऑफलाइन के तत्व मिलेंगे। हम अपेक्षा करते हैं की मतदाताओं की उपस्थिति बढ़े।



प्रश्न 3: एक वास्तविक चुनाव प्रक्रिया में हर कोई एक दूसरे के संपर्क में होता है , E.C. उन कदाचारों को कैसे रोकता है जिनकी वजह से चुनाव प्रक्रिया कुख्यात है ?

उत्तर: हम यह विश्वास करना पसंद करते हैं की उम्मीदवार कदाचारों में भागीदार नहीं होंगे ओर यदि ऐसा कुछ होता है तो हम सूचना अनुसार इससे झूझते हैं क्योंकि हम एक छोटे समूह का हिस्सा हैं जो हर जगह हर समय उपस्थित नहीं हो सकते। यदि कोई सूचना मिलती भी है तो हम उम्मीदवार के पक्ष को पहले रखते हैं क्योंकि वह सूचना गलत एवं विरोधी अभियान का हिस्सा भी हो सकती है। जहाँ भी हम कदाचार देखते हैं वहाँ हम उसके चुनाव पर पड़ने वाले असर को बेअसर करने की कोशिश करते हैं। हमें मोटे तौर पे पता चल जाता है कहाँ ऐसे कदाचार होतें हैं, तो हम ऐसे पैमाने अपनाते हैं जिससे भविष्य में ऐसा कुछ न हो।

प्रश्न 4: औडी में होने वाले वाद-विवाद को लेकर सब उत्साहित हैं , क्या आप इसकी एक झलक हमारे द्वितीय वर्ष के छात्रों को दे सकते हैं जो इसे पहली बार अनुभव करने जा रहे हैं।

उत्तर: औडी वाद-विवाद में सारे महासचिव ओर अध्यक्ष के उम्मीदवार एकत्रित होकर एक पैनल, जिसमें चुनाव आयोग, सी.आर.सी ओर अन्य छात्र संगठन मौजूद होते हैं, उम्मीदवार सवालों का सामना करते हैं जो उनके घोषणापत्र में तर्कदोश निकलते हैं। इसके अलावा वे उनको अपने बिट्स छात्रावास में उठाए गलत कदम पर प्रश्न करतें हैं। इसलिए औडी वाद विवाद का काम होता हैं उन बातों को प्रकाशित करना जो चुनाव प्रचार के दौरान छिपी रहती हैं ताकि मतदाता सूचित निर्णय ले सकें।

प्रश्न 5: पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष महासचिव और अध्यक्ष पद के उम्मीदवार केवल NOTA से चुनाव नहीं लड़ेंगे, यह वास्तविकता चुनाव प्रक्रिया की गतिविधियों पर कैसा प्रभाव डालेगी।

उत्तर: पहले तो यह बहुत ही अच्छा बदलाव है क्योंकि केवल NOTA के खिलाफ खड़े होने से चुनाव की लोकतांत्रिकता कम हो जाती है। यह बदलाव वाद-विवाद, सूचनात्मक संगोष्ठी ओर चुनाव प्रचार को ज़्यादा रोमांचक बनाता है। चूँकि एक से अधिक उम्मीदवार खड़े हुए हैं, हम अपेक्षा करते हैं की मतदाताओं की उपस्तिथि भी बढ़ेगी। जब एक से अधिक उम्मीदवार होते हैं तो वे आपस में भी एक दूसरे पर नज़र बनाए रखते हैं जिसके कारण यदि कोई कदाचार होता है तो हमें उसकी सूचना मिलना और आसान हो जाता है।

प्रश्न 6: 2022 बैच इस चुनाव प्रक्रिया के समाप्त होने के पश्चात कम्पुस पे आएंगे और भविष्य में ज़रूर एस.आर. भवन के भवन प्रतिनिधि का चुनाव होगा परंतु वी.के., कृष्ण और गाँधी भवन का क्या जिसके चुनाव अभी बिना अधिकतम भवन निवासियों के मत से होगा ?

उत्तर: जो भी प्राथमिक वर्ष के छात्र इन भवनों में होंगे वे कम होंगे और जिस भवन में वे रहेंगे वहाँ हम द्वि-चुनाव करवाने का भी प्रबंध करेंगे चूँकि उनका अभी कोई उम्मीदवार नहीं हैं। अभी यह चुनाव करवाने का कारण OASIS है क्योंकि इसे सफलतापूर्ण करवाने हेतु एक अध्यक्ष और महासचिव की आवश्यकता है।

प्रश्न 7: अभी हालही में जो संवेधानिक समिक्षकर्ण हुई है उसका इस चुनाव प्रक्रिया पर क्या प्रभाव पड़ेगा जिसके बारे में आप बिट्स के छात्रों को बताना चाहेंगे।

उत्तर: कुछ खंड हैं जो उम्मीदवारों की पात्रता का उल्लेख करते हैं। पहले जो भी चुनाव आयोग, सी.आर.सी और एस.एस.एम्.एस के सदस्य हैं वे अध्यक्ष और महासचिव के पद के लिए नहीं खड़े हो सकते थे। अभी इसमें और कैंपस निकायों को जोड़ा गया है जो पहले मौजूद नहीं थे। इसके अलावा हम यह भी बताना चाहेंगे कि यह बदलाव अंतिम नहीं है, हमने हमारे दरवाज़े सुधार के लिए खुले रखे हैं।

प्रश्न 8: आखिर में बिट्सियन्स के लिए आपका इस चुनाव प्रक्रिया को मद्देनज़र रखते हुए क्या सुझाव है?

उत्तर: बिट्स में अभी तक चुनाव और राजनीती की ओर लोगों का कम आकर्षण रहा है और हम चाहेंगे की बिट्सियंस इस प्रक्रिया में ज़्यादा भाग लें क्योंकि चुनावी सप्ताह में ऐसे कई आयोजन होते हैं जिसके माध्यम से वे अपने भावी प्रतिनिधियों से मिलकर उन्हें जान सकते हैं। जो भी उम्मीदवार चुने जाएंगे वे बहुत सारे कॉलेज आयोजन के लिए ज़िम्मेदार होंगे जैसे की फेस्ट और छात्र संघ की हर पहल में इनका हाथ होगा। इसलिए मतदान महत्वपूर्ण हैं क्योंकि उनके मत के आधार पर जो उमीदवार चुना जायेगा उसके हर फैसले का कैंपस के हर छात्र पर प्रभाव होगा। हम अनुरोध करतें हैं कि सभी लोग हर उम्मीदवार के घोषणापत्र को ध्यानपूर्वक पढ़े और एक सोचा समझा फैसला लें।

महासचिव पद के उम्मीदवार कमल चौहान से साक्षात्कार

प्रश्न 1: चुनाव लड़ने का निर्णय आपने कब और कैसे लिया? आपके चुनाव लड़ने की क्या वजह है? आपको यह चुनाव लड़ने की प्रेरणा कहाँ से मिली?
उत्तर : मैं मध्यम वर्ग से आने वाला एक छात्र हूँ, बचपन से विद्यालय में एक शांत छात्र रहा हूँ। कॉलेज आने पर काफी लोगो से बात की और यह समझ आया की लोगों की सहायता करना मुझे अच्छा लगता है। मैं जितने भी क्लबस् का हिस्सा था उन सभी में जो भी काम मिलता उसे अच्छे से पूरा करने की कोशिश करता था, अतः छात्रों की मदद करने के लिए ही में इस चुनाव में खड़ा हो रहा हूँ।

प्रश्न 2: आपको महासचिव (GenSec) और अध्यक्ष (President) के काम में क्या अंतर लगता है, और आप महासचिव पद के लिए क्यों खड़ हुए ?
उत्तर: अध्यक्ष CoSTAAn और StuCAAn होता है अर्थव्यवस्था का और महासचिव CoSTAAn और StuCAAn होता है इन्वेंटरी का। मैं छात्रसंघ का हिस्सा नहीं था परन्तु मैंने छात्रसंघ के लिए काम किया है, मैंने जो काम किया है उसमे मेरा बातचीत कई अध्यक्षों से हुआ, मुझे पता चला कि एक अध्यक्ष कैसे किसी काम को अंजाम देता है, इसीलिए मैं अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूँ।

प्रश्न 3: आप खुद को महासचिव पद के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार क्यों मानते है?
उत्तर: मुझे लगता है कि सभी उम्मीदवार अनुभवी है परन्तु मेरा विश्वास है की लोगों से बात करते समय मैं अपनी बातो में स्पष्टता रखता हूँ। यह कौशल मुझे भविष्य की जिम्मेदारियों को भी पूरा करने में सहायता करेगा, इस कारण से मैं स्वयं को महासचिव पद के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार समझता हूँ।

प्रश्न 4: क्या आप संविधान समीक्षा में किए गए संवैधानिक संशोधनों के बारे में जानते हैं? आपने पहला ड्राफ्ट पढ़कर उसपे कोई टिप्पणी/सझाव दिए?
उत्तर: संविधान में इस बार बहुत संशोधन किए गए है, पहले संघ एवं एसएसएमएस (ssms) के सदस्य चुनाव में हिस्सा नहीं ले सकते थे और किसी उम्मीदवार का प्रचार भी नहीं कर सकते थे, इस सूची में इस साल SFC को भी जोड़ दिया गया है जो की मुझे सही लगा क्योंकि अगर कोई संस्था संविधानिक निकाय का हिस्सा है तो उसे चुनाव से दूर रहना चाहिए।

प्रश्न 5: आपने पिछले संघ की गलतियों से क्या सीखा और आप अपने कार्यकाल को बेहतर कैसे करेंगे? पिछले संघ का कार्यकाल छोटा कर दिया गया था, आप ये कैसे निश्चित करेंगे की इस बार ऐसा ना हो?
उत्तर: मुझे लगता है कि पिछले कार्यालय की सरंचना मजबूत नहीं थी, सदस्यों के बीच कार्य सही रूप से परिभाषित नहीं था, पारदर्शिता एवं जवाबदेही की कमी थी, मैं इन सब में सुधार लाने का प्रयत्न करूँगा ताकि घोषणापत्र के सारे बिंदुओं को पूरा किया जा सके। CoSTAA, EC एवं संघ को समन्वय करना चाहिए, अपनी भूमिकाओं का सही रूप से पालन करना चाहिए।

प्रश्न 6: आपके घोषणापत्र (manifesto) के मुख्य बिन्दु क्या है? क्या आपके पास कुछ नए प्रस्ताव है जिसके बारे में पहले ज़्यादा न सोचा गया हो?
उत्तर: मुझे लगता है की ज़्यादातर घोषणापत्र के बिंदु एक भांति ही होते है परन्तु मेरा घोषणापत्र अलग है। मेरा घोषणा पत्र दो बिंदुओं में विभाजित है, रहन-सहन (living conditions) और शैक्षिक ढील (academic flexibility)। कॉलेज में छात्र प्रतिनिधित्व को सुधारना होगा, पिछले घोषणापत्रो के अधूरे बिंदुओं को भी पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

प्रश्न 7: GBM के सदस्य होने के तौर पर आपको छात्र संघ की सबसे बड़ी खामी क्या लगती है और आप उसे कैसे ठीक करेंगे?
उत्तर: मैं GBM का हिस्सा हूँ, जैसा कि मैंने कहा छात्रसंघ में पारदर्शिता एवं जवाबदेही की कमी है, संघ हमेशा GBM के पहुँच योग्य हो और उनकी समस्याएँ सुने एवं समाधान ढूंडने का प्रयत्न करे, GBM से प्रतिक्रिया लेकर छात्रों के हित में कार्य करे|

प्रश्न 8: चुनाव से पहले आप बिट्सियनस् को क्या सन्देश देना चाहेंगे ?
उत्तर: चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है और कई सालों बाद ऑफलाइन हो रहे है। मैं चहता हूँ कि छात्र भारी मात्रा में वोट डालने आए, उम्मीदवारों का घोषणापत्र पढ़ें, उम्मीदवारों का आचरण देखें और सही उम्मीदवार को वोट डालकर जीत दिलाए।

महासचिव पद के उम्मीदवार विनायक एस. से साक्षात्कार

प्रश्न 1: आपने कब फैसला किया कि आप चुनाव लड़ना चाहते हैं और कुछ प्रमुख कारण क्या थे?
उत्तर: मैं अपने पहले साल के ब्रेक में छात्र संघ की पहल से जुड़ा था और मैं एक प्रचारक के रूप में छात्रसंघ चुनाव में सक्रिय था और इससे पहले भी मैं कुछ पहलों में छात्रसंघ तक पहुंचा था। मुझे लंबे समय से लोगों की मदद करने में दिलचस्पी रही है। इस तरह मेरा परिचय छात्र संघ में हुआ। इसलिए मैंने एक कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में बहुत आधार स्तर से काम किया है, चूंकि कोई कोर कमेटी सदस्य नहीं था, मैंने उस क्षितिज के काम को भी निपटाया और इस समय में जो अनुभव मुझे प्राप्त हुए, वह चुनाव लड़ने के लिए मेरी प्रेरणा थी। मैंने जो सही समय तय किया वह इस साल फरवरी के आसपास था।

प्रश्न 2: यदि लोग नई पहल करने की कोशिश करते हैं, जैसे नए क्लब और संगठन बनाना, तो आपके मार्गदर्शन के तरीके क्या होंगे?
उत्तर: यह मुद्दा मुख्य रूप से एक महासचिव के उम्मीदवार के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि बहुत सारे क्लब संबंधित मामले, व्यापारिक हस्ताक्षर और अन्य मुद्दे सीधे उनके अधिकार क्षेत्र में हैं। इसलिए, अगर मैं जीत जाता हूं, तो मैं मुख्य रूप से यही काम करूंगा। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां लोगों ने अनौपचारिक रूप से मेरे पास क्लबों पर विचार करने में मदद करने के लिए संपर्क किया है। मैंने विचार की व्यवहार्यता के साथ काम किया, हालांकि यह मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं था, मैंने उनसे जो कहा वह था आगे बढ़ना और क्लब की प्रारंभिक आधार रेखा बनाना और उन्हें बताया कि प्रक्रिया में अगला कदम क्या है जो आगे होगा।

प्रश्न 3: आपने अध्यक्ष पद के स्थान पर महासचिव का पद क्यों चुना?
उत्तर: एक औसत GBM सदस्य के लिए जिसे यूनियन काउंसिल का कोई अनुभव नहीं है, उन्हें लगेगा कि अध्यक्ष पद महासचिव पद से अधिक महत्वपूर्ण है, लेकिन जब आप SU में काम करेंगे तो आपको पता चलेगा कि दोनों बहुत समान पद हैं लेकिन एक ही समय में बहुत अलग। प्राथमिक अंतर जो मुझे लगता है वह यह है कि महासचिव बहुत सारे आंतरिक मामलों का प्रभारी होता है और अध्यक्ष नाममात्र के प्रमुख की तरह होता है जो बाहरी मामलों में परिसर का प्रतिनिधित्व करता है और मुझे लगता है कि मेरा व्यक्तित्व सामान्य सेक पद की ओर अधिक संरेखित है और विशेष हैं। इसके कारण - मुझे लगता है कि मैं अधिक सहानुभूतिपूर्ण हूँ, जैसे मैं मदद के लिए मेरे पास आने वाले लोगों की मदद कर सकता हूं, मैं एक कठिन वार्ताकार हूँ और कई अन्य। यह मेरा अनुभव और संघ की समझ है जिसने मुझे यह निर्णय लेने में मदद की।

प्रश्न 4: पिछले कार्यकाल के शुरुआती विघटन से आपकी क्या सीख हैं?
उत्तर: प्रत्येक बिंदु एक सीख है और संघ के अंतिम कार्यकाल के जल्दी विघटन से जो मुझे समझ में आया कि चुनाव आयोग की GBM के सामने तथ्यों की गलत व्याख्या के कारण संघ के अंतिम कार्यकाल को भंग कर दिया था; और एक बड़ी सीख थी GBM के सामने पारदर्शी रहना चाहिए। एक छात्र संघ के प्रतिनिधि को छात्रों का समर्थन होना चाहिए, इसके बिना कोई भरोसा नहीं है। छात्रों का मुझ पर विश्वास बनाए रखने को मैं निश्चित रूप से प्राथमिकता दूंगा।

प्रश्न 6: छात्रसंघ का सदस्य होने के नाते, पिछले वर्षों में आपके अनुसार संघ की सबसे बड़ी कमियां क्या रहीं ?
उत्तर: मैं एक साल से अधिक समय से छात्रसंघ में शामिल हूँ और अगर मैं उन चीजों को बताता हूँ जो संघ में गलत हो रही हैं तो मुझे यह भी बताना होगा कि मैं इन्हें ठीक क्यों नहीं कर पाया। यह सब लोगों के बारे में है। यदि आपके पास काम करने के लिए प्रेरित लोगों का एक समूह है, और जो छात्रसंघ के साथ खड़े हैं, तो SU का माहौल उचित होगा। इसलिए आपके प्रश्न का उत्तर देने के लिए, मैं अधिक कार्योन्मुखी लोगों की भर्ती करना चाहूंगा जो विशेष रूप से काम करने और योगदान करने के लिए हैं।

प्रश्न 7: क्या आप अपने घोषणा पत्र के बिंदुओं को सरल शब्दों में समझा सकते हैं?
उत्तर: मेरे घोषणापत्र का सारांश समावेशी, अच्छी तरह से तैयार और दूरदर्शिता निर्देशित है। प्राथमिक परिवर्तन जो मैं पेश कर सकता हूँ वह है छात्रसंघ के प्रति प्रतिबद्धता (commitment) का स्तर। संघ में बहुत से लोगों की ये प्राथमिकता के रूप में नहीं है, इसलिए मैं इसे बदलने का इरादा रखता हूं। मैंने अपने घोषणापत्र में चुने हुए बिंदुओं को मुख्य रूप से सामान्य रूप से अनुभव के कारण चुना। मेरे बहुत से बिंदु उत्पादक बातचीत के उत्पाद हैं। लोग अपनी चिंताओं को उठा रहे हैं और मैं उन लोगों के साथ परामर्श करके किसी परिणाम में इसे सुधार रहा हूँ।

प्रश्न 8:आपके घोषणा पत्र में एक बिंदु जिस पर आपके जीतने के तुरंत बाद काम किया जाएगा?
उत्तर: पी.एस सुधारों के संबंध में मेरे घोषणापत्र में दूसरा बिंदु ऐसा ही एक बिंदु है। यह पिछले चुनावों में सामने आया था लेकिन समस्या के प्रति मेरा दृष्टिकोण बिल्कुल अलग है। मैं पी.एस डीन के साथ बातचीत में और पी.एस 1 के संबंध में सिस्टम फिक्सिंग में काफी सक्रिय रहा हूँ। एक पी.एस स्टेशन के रूप में योग्यता मेरा प्रमुख प्रश्न था। छात्र मुद्दों को आम तौर पर रोक दिया जाता है और अनुरोधों पर कार्रवाई शायद ही कभी की जाती है। पी.एस स्टेशनों में से एक की वैधता के संबंध में मेरे पास इसी तरह का अनुरोध आया था। मैंने अपने संकाय प्रभारी (faculty in-charge) पी.एस डीन को मेल किया और शिकायतकर्ता के साथ एक लंबी फ़लदार बातचीत की। मुझे प्रशासन द्वारा लंबे समय तक रोका गया था और बाद में केवल मेरे संकाय प्रभारी के पास पहुंचने का निर्देश दिया गया था और मुझे आगे की बातचीत बंद करने के लिए कहा गया था। मुझे इन चीजों से निपटने की स्थिति में होना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी को उचित उत्तर प्रदान किए जाएं।

महासचिव पद के उम्मीदवार नमन जलान से साक्षात्कार

प्रश्न 1: आपने चुनाव लड़ने का निर्णय कब और कैसे लिया और यह चुनाव लड़ने की आपकी प्रेरणा क्या है?
उत्तर: छात्र संघ के साथ काम करते हुए मैंने देखा कि अध्यक्ष और महासचिव छात्रों के लिए बड़े बदलाव लाने की शक्ति रखते हैं। उस समय मुझे यह एहसास हुआ कि यदि मैं इस पद पर हुआ तो मैं छात्रों के हित के लिए काम कर पऊँगा और यह मैंने अपने घोषणापत्र में भी दर्शाया है।
इस चुनाव में लड़ने की मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा यही है कि जब मैं आज से 5 या 6 वर्षों बाद कैम्पस पर आऊँ तो मैं उन सभी बदलावों को देख पाऊँ जिन्हें लाने का प्रयास मैं चुनाव जीतने के बाद करूँगा।

प्रश्न 2: आपको महासचिव (General Secretary) और अध्यक्ष (President) के काम में क्या अंतर लगता है, और आप अध्यक्ष पद के लिए क्यों खड़े नहीं हुए? आप खुद को महासचिव के पद के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार क्यों मानते हैं ?
उत्तर: अध्यक्ष सभी वित्त सम्बंधित कामों को देखता है, वहीं महासचिव का काम सभी सूची सम्बंधित कामों को देखना होता है। महासचिव बनकर मैं छात्रसंघ का चेहरा नहीं बल्कि दिल बनना चाहता हूँ व सभी छात्रों के हित के लिए दिल से काम करना चाहता हूँ।
मेरे अनुसार मैं महासचिव के पद के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार इसलिए हूँ क्यूँकि मेरी बदलाव लाने की दृष्टि बिल्कुल स्पष्ट है। मुझे मालूम है कि मैं किन-किन बदलावों को कॉलेज में होता हुआ देखना चाहता हूँ जब मैं 5 या 6 वर्षों बाद यहाँ वापस आऊँ।

प्रश्न 3: संविधान समीक्षा में किए गए संवैधानिक संशोधनों के बारे में आप क्या कहना चाहेंगे ?
उत्तर: चुनाव आयोग द्वारा लिए गए यह काफ़ी अच्छे निर्णय हैं जिसमें पारदर्शिता का खास ध्यान रखा गया है। पिछली बार हुई APOGEE REVIEW MEET में हमने देखा था कि किस प्रकार UC ने कुछ चीज़ों का गलत फ़ायदा उठाया था। ऐसा दोबारा न हो, इस बात का भी काफ़ी ध्यान रखा गया है तथा क्लब्स और विभागों (DEPARTMENTS) की शक्तियों में भी अच्छे बदलाव लाये गए हैं। GBM को ज़्यादा प्रभावशाली बनाने की ओर यह चुनाव आयोग द्वारा लिया गया एक अच्छा कदम है।

प्रश्न 4: आपने पिछले संघ की गलतियों से क्या सीखा और आप अपने कार्यकाल को किस प्रकार बेहतर करेंगे ?
उत्तर: मैं पूर्ण रूप से यह मानता हूँ कि पिछले कार्यकाल के दौरान काफ़ी गलतियाँ की गई थीं। UC द्वारा अपनी शक्तियों का गलत इस्तमाल किया गया था व UC कहीं न कहीं खुदको सविंधान से ऊँचे स्तर पर मानता था। यह सत्य है कि चुनाव आयोग द्वारा लाये गए बदलावों से यह स्तिथी दोबारा नहीं आएगी परन्तु मैं अपने ओर से भी पूरा प्रयास करूँगा कि मेरे कार्यकाल में सभी को अपनी बातें रखने का मौका मिले। छात्रसंघ GBM के पहुँच-योग्य हो, इस बात का ख़ास ध्यान रखा जाएगा और GBM को 'EXCOM' के रूप में देखा जाएगा ताकि नए-नए बदलावों का छात्रसंघ में स्वागत हो सके।

प्रश्न 5: पिछली बार संघ का कार्यकाल छोटा कर दिया गया था, इस पर आपका क्या विचार है ?
उत्तर: जैसा कि सभी को पता है कि यह निर्णय चुनाव आयोग द्वारा लिया गया था, इसलिए हम इस निर्णय का स्वागत करते हैं व मानते हैं कि यदि छात्रसंघ द्वारा कुछ गलत किया जा रहा है तो उस पर सख्त कार्रवाई होना काफ़ी अहम है।

प्रश्न 6: आपके घोषणापत्र (MANIFESTO) के मुख्य बिन्दु क्या हैं ? क्या आपके पास कुछ नए प्रस्ताव हैं जिसके बारे में पहले ज़्यादा न सोचा गया हो ?

उत्तर: मेरे घोषणापत्र के मुख्य बिन्दु कुछ इस प्रकार हैं-

इस बार सविंधान में लाये गए नए संशोधन 'RIGHT TO INFORMATION' के तहत हर छात्र को वित्त सम्बंधित पूरी जानकारी एक 'AUDIT REPORT' के रूप में दी जायेगी जिसमें उसके द्वारा किये गए सारे खर्चों की जानकारी होगी व पारदर्शिता का मुख्य रूप से ध्यान रखा जाएगा।

मीरा भवन में लड़कियों को रोज़ाना आने वाली कठिनाइयों जैसे 'SANITARY PADS' का न होना, पानी की समस्या आदि का ख़ास ध्यान रखा जाएगा ताकि उनको दी जाने वाली सुविधाएँ लड़कों की तुलना में बराबर हों।

'BITS-ACADS' की ऐप को वापस कार्य में लाया जाएगा व सप्ताह के अंत में कक्षा में हुए सभी कार्यों से अपडेट किया जाएगा।

'DG-BACKUP' का हर जगह प्रबंध किया जाएगा, कॉमन रूम्स में AC लगाया जाएगा और 2022 में आने वाले छात्रों को कॉलेज से रूबरू कराने के लिए "FRESHER'S PARTY" का आयोजन भी कराया जाएगा।

यह मेरे घोषणापत्र के मुख्य बिंदु हैं।

प्रश्न 7: बिट्स की बढ़ती फ़ीस को देखकर बहुत सारे काबिल विद्यार्थियों का यहाँ पढ़ने का सपना मात्र एक सपना रह जाता है , इस से कॉलेज तथा ALUMNI संघ को भी बहुत नुकसान होने की आशंका है , इस बारे में आपके क्या विचार हैं और आप इस शेत्र में क्या कदम उठा सकते हैं ?

उत्तर: बिट्स की फ़ीस हमेशा से ही एक बड़ी परेशानी रही है। मैं यह वादा नहीं कर सकता कि मैं इसे कम कराने में सफल रहूँगा पर मैं यह कह सकता हूँ कि फ़ीस कम करने व छात्रवृत्ति को बढ़ावा देने का पूरा प्रयास करा जाएगा।

प्रश्न 8: सत्ता में आने पर आप सबसे पहले क्या करेंगे ?

उत्तर: मेरा पहला प्रयास मीरा भवन के हालातों को सुधारने में होगा । मीरा भवन से कोई 'H-REP' न होने के कारण उनकी सभी समस्याओं का समाधान हमें ही करना होगा । काफ़ी लड़कियों से बातचीत में मुझे मालूम चला कि मीरा भवन के 'BLOCK-9' की हालत काफ़ी ज़्यादा खराब व जल्द से जल्द उसे सुधारने की ज़रूरत है । इसलिए मीरा भवन की देखरेख ही मेरा पहला कदम होगा ।

प्रश्न 9: आपके अनुसार आपकी सबसे बड़ी कमज़ोरी क्या है और आप उसे किस प्रकार सुधारेंगे ?

उत्तर: मेरे अनुसार मेरी दो सबसे बड़ी कमज़ोरी- संचार कौशल (communication skills) में दिक्कतें व मेरा 'INTROVERT' होना है। परन्तु पिछले कुछ समय से छात्रों से बातचीत करने के बाद व अन्य अनेक प्रयासों से मैंने इनको काफ़ी हद तक सुधार लिया है।

प्रश्न 10: यदि आप अपना वर्णन एक ही शब्द से करना चाहेंगे, तो वह क्या होगा ?

उत्तर: अन्वेषक (EXPLORER)।

प्रश्न 11: आखिर में आप सभी GBM के लोगों को क्या सन्देश देना चाहेंगे ?

उत्तर: मैं सभी लोगों को बस यही कहना चाहूँगा कि आपका हर एक वोट बहुत मान्य रखता है इसलिए हर किसी का घोषणापत्र ध्यान से पढ़कर समझदारी के साथ वोट दें व वोट देने ज़रूर जाएँ।

महासचिव पद के उम्मीदवार यश शारदा से साक्षात्कार

प्रश्न 1: महासचिव पद के लिए चुनाव लड़ने का निर्णय आपने कब किया था? इसके पीछे मुख्य कारण क्या रहे?
उत्तर: मेरे मन में SSMS चुनाव लड़ने का विचार था, वह इस वर्ष के APOGEE से पहले था, उस समय मैंने केवल प्रचार किया जिसके दौरान मैं GBM के सदस्यों के संपर्क में आया और मैंने यह महसूस किया कि इससे ऊपर और भी पद हैं, जो अधिकांश छात्रों के मुद्दों को हल कर रहे है।

प्रश्न 2: आपको महासचिव (General Secretary) और अध्यक्ष (President) के काम में क्या अंतर लगता है, और आप अध्यक्ष पद के लिए क्यों खड़े नहीं हुए ?
उत्तर:महासचिव और अध्यक्ष के कामकाज में बहुत बड़ा अंतर है, अगर हम किसी भी फेस्ट के दौरान महासचिव के काम के बारे में बात करते हैं तो उसमे क्लबों और विभागों के कामकाज की निगरानी करना और इन्वेंट्री की ज़िम्मेदारी आती है, जबकि अध्यक्ष का काम इवेंट के वित्त सम्बंधित विभाग को देखना है। क्यूंकि मैंने क्लबों और विभागों के साथ काम किया है इसलिए मैंने महासचिव का चुनाव लड़ना पसंद किया।

